भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4139
उत्तर देने की तारीख 18.08.2025

विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में एसवाईए योजना

4139. श्री सी. एन. अन्नादुरई :
श्री नवसकनी के. :
श्री जी. सेल्वम :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में 'युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति (एसवाईए)' योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में लाभान्वित युवा कलाकारों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार के पास तमिलनाडु के कलाकारों को एसवाईए योजना के अंतर्गत छात्रवृत्तियों का समय पर संवितरण सुनिश्चित करने के लिए कोई निगरानी तंत्र है;

(ग) तमिलनाडु के कितने कलाकारों को छमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत न किए जाने के कारण भुगतान में विलंब हुआ और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने तमिलनाडु में युवा कलाकारों को एसवाईए योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया और पात्रता मानदंडों के बारे में सूचित करने के लिए कोई जागरूकता या पहुंच अभियान चलाया है;

(ड.) तमिलनाडु के कलाकारों के लिए विशेषकर क्षेत्रीय भाषाओं में आवेदन और रिपोर्टिंग प्रक्रिया के डिजिटलीकरण और सरलीकरण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) क्या सरकार ने उक्त योजना के अंतर्गत लक्षित संवर्धन और सहायता के लिए तमिलनाडु के लिए विशिष्ट किन्हीं पारंपरिक अथवा लुप्तप्राय कला रूपों की पहचान की है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): विगत पांच वर्षों के दौरान 'विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्तियां (एसवाईए)' स्कीम के अंतर्गत लाभान्वित हुए तमिलनाडु के युवा कलाकारों की संख्या निम्नानुसार है:

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	तमिलनाडु के लाभान्वित विद्वानों की संख्या
1.	2020-21	26
2.	2021-22	37
3.	2022-23	18
4.	2023-24	51
5.	2024-25	32

(ख): सरकार का निरंतर यह प्रयास रहा है कि तमिलनाडु सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के चयनित लाभार्थियों को उनकी छमाही प्रगति रिपोर्ट प्राप्त होने पर और स्कीम के लिए किए गए बजटीय आवंटन के आधार पर छात्रवृत्तियों का समय पर संवितरण सुनिश्चित किया जाए।

(ग): ऐसा कोई मामला मौजूद नहीं है।

(घ): आवेदन करने की प्रक्रिया और पात्रता मानदंडों का विस्तृत विवरण मंत्रालय की वेबसाइट https://www.indiaculture.gov.in/award-scholarships-young-artists-different-cultural-fields पर दिया गया है। सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी) द्वारा देशभर के प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में समय-समय पर जारी किए जाने वाले विज्ञापनों के माध्यम से व्यापक प्रचार किया जाता है।

(ड.): तमिलनाडु सहित प्रत्येक राज्य के लिए आवेदन करने और रिपोर्ट करने की प्रक्रिया समान है और अंग्रेजी भाषा में संचालित की जाती है। तथापि, तमिलनाडु सहित प्रत्येक राज्य के क्षेत्रीय समाचार पत्रों में उनकी संबंधित क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञापन प्रकाशित किए जाते हैं। कोविड-19 महामारी के बाद से विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन रूप से संवाद और साक्षात्कार आयोजित किए जाते हैं।

(च): एसवाईए स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार, भारतीय शास्त्रीय संगीत, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, रंगमंच, मूकाभिनय, दृश्य कला, लोक, पारंपरिक और जनजातीय कलाओं और सुगम शास्त्रीय संगीत सहित अनेक कला रूपों की पहचान इस स्कीम के अंतर्गत संवर्धन और सहायता हेतु की गई है। तमिलनाडु राज्य सहित पूरे देश के लिए ये क्षेत्र एक समान हैं।

*****